तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 17.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

11 मल्टी लेयर क्रॉप पद्धति के तहत खेती वाले क्षेत्र का अधिकारियों ने किया दौरा



12 पीएम आवास योजना: 1707 लाभार्थियों को जारी की गई पहली किश्त



## खबर संक्षेप

### गोपालपुर रोड के स्टोर से सामान चोरी, केस

**खरखौदा।** गोपालपुर गांव के पास बनाए गए आरएस इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के स्टोर से चोरों ने सामान चोरी कर लिया है। स्टोर सहायक नीरज कुमार ने बताया कि 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण का कार्य सौंपा गया है। कंपनी का एक स्टोर गोपालपुर गांव के समीप बनाया गया है। यहां से 227 एजीएस रबर और क्लैंप, 62 पी ए रॉड, 95 स्टील डेड एंड, 1524 क्लैंप ट्यूब विद जंपर, 175 अल्युमिनियम ट्यूब, 512 वाइब्रेशन डंपर कंडक्टर फॉरमूस चोरी किए गए है।

### बस परिसर की पार्किंग से वाहन चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बस स्टैंड परिसर में बनी पार्किंग से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव हुल्लाहेड़ी निवासी विकास ने बताया कि वह किसी काम से सोनीपत आया था। बाइक को बस स्टैंड की पार्किंग में खड़ा कर काम के लिए चले गया। जब वापस आया तो बाइक वहां नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी बाइक के बारे में पता किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया।

### पुगथला के इंडस टॉवर से 45 बैट्री चोरी, केस

**गन्नौर।** गांव पुगथला स्थित इंडस टावर से 45 बैटरियों की चोरी हो गई। टावर की सिक्योरिटी का काम संभाल रहे संदीप ने खुबडू झाल पुलिस को बताया कि 19 मार्च की रात उन्हें टावर तकनीशियन शोभाचंद से टावर के पास आग धूआं होने की सूचना दी। जिसके बाद वह गाड़ी चालक सोमबीर के साथ मौके पर पहुंचे। वहां तीन संदिग्ध व्यक्ति लोहे की राड लेकर उनकी ओर बढ़े, जिस कारण वह गाड़ी में वापिस बैठ गए। इसके बाद चोर पिकअप गाड़ी से फरार हो गए। टावर जांचने पर 45 बैटरियां गायब मिली।

### गांव बिधलान मंदिर में शीतला माता मेला आज

**खरखौदा।** बिधलान गांव स्थित शीतला माता मंदिर प्राचीन मंदिर हैं। दहिया खाप के 40 गांव के इलावा विभिन्न गांवों के श्रद्धालु यहां पर पूजा अर्चना करने आते हैं और अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मन्नतें मांगते हैं। पूरे गांव में इस दिन को लेकर उत्साह का माहौल रहता है और तैयारी एक महीना पहले ही शुरू हो जाती हैं। यहां पर आने वाले वाहनों के लिए विशेष पार्किंग की व्यवस्था की गई है। छोटे से लेकर बड़े झूले तक यहां लगाए जाते हैं, ताकि पूजा अर्चना करने वाले परिवारों के साथ आने वाले बच्चे इन झूलों का आनंद ले सके। गांव में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु बगैर खाना खाए बगैर अन्न जल ग्रहण करे यहां पूजा लिए आते हैं।

### किसान आंदोलन: पिछली फरवरी में हुआ था बंद, कुछ समय पहले खुली थी एक लेन

# 14 माह से बंद था कुंडली-सिंघु बॉर्डर अब शुरू हो गया खोलने का काम

सिर्फ एक लेन और संपर्क मार्ग के सहारे हो रहा था दिल्ली आना जाना रोजाना लगता था जाम वाहन चालक लंबे समय से कर रहे थे मांग, रोड खुलने से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत





दूसरी बार के किसान आंदोलन के आह्वान के चलते बंद किया गया कुंडली-सिंघु बॉर्डर वीरवार को पूरी तरह से खोलने का काम शुरू कर दिया गया है। एक साल से भी अधिक समय से बंद जीटी रोड पिछले कुछ समय से एक संपर्क मार्ग और हाइवे की एक लेन के सहारे ही चल रहा था। दिल्ली जाने वाली लाइन पर बेरिकेट्स और सीमेंटेड ब्लॉक के जरिये रास्ता बंद किया गया था। वीरवार शाम चार बजे से हाईवे खोलने का काम कर दिया गया है। हाईवे खुलवाने को लेकर विधायक निखिल मदान विधानसभा में मांग उठा चुके थे। इसके अलावा लोगों ने दिल्ली में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा से मिलकर गुहाई लगाई थी।

बता दें कि किसानों के दिल्ली कूच के एलान के बाद पंजाब के किसान 13 फरवरी, 2024 को अंबाला के शंभू बॉर्डर पर आ डटे थे। वहां सुरक्षा बलों के साथ टकराव होने पर दिल्ली पुलिस प्रशासन ने कुंडली-सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया था। बॉर्डर पर किलेबंदी कर सीमेंट की दीवार तक खड़ी कर दी गई थी।

मामला शांत होने पर पहले सर्विस रोड और बाद में पानीपत-दिल्ली हाईवे की एक लेन को खोल दिया था। उसके बाद दिल्ली-पानीपत हाईवे की दो लेन पूरी तरह खोल दी थी, लेकिन पानीपत-दिल्ली हाईवे पर एक लेन ही पूरी तरह खुली थी। जिससे वाहन चालकों को पूरी तरह राहत नहीं मिल पा रही थी। कुंडली-सिंघु बार्डर पर सुबह-शाम अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। नौकरीपेशा, उद्योगपति व व्यापारी वर्ग सबसे अधिक परेशान होते थे।

### मांग उठा चुके विधायक

कुंडली-घ्रु बॉर्डर पर लोगों की परेशानी को देखते हुए विधायक निखिल मदान ने 12 मार्च को विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने लोगों की परेशानी का जिक्र करते हुए कहा था इससे लोगों को दिल्ली आवागमन में दिक्कत होती है। यह हाईवे दिल्ली से हरियाणा ही नहीं पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश को भी जोड़ता है। ऐसे में उन्होंने इसे खोलने की मांग की थी।




### परेशान हो रहे थे वाहन चालक

रोड बंद होने से दिल्ली जाने वालों को जीटी रोड पर रोजाना यहां परेशानी उठानी पड़ती थी। क्योंकि रोजाना कुंडली सिंघु बॉर्डर पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिसकी वजह से वाहन चालक जाम में फंसे रहते थे। जाम की वजह से समय और आर्थिक हानि उठानी पड़ती थी। रोजाना जाम में फंसने वाले लोग भी कई बार जीटी रोड को पूरी तरह से खोलने की मांग उठा चुके थे।

### शंभु बार्डर खुलने से जागी उम्मीद

अंबाला के पास शंभू बॉर्डर को खोलने का काम भी बुधवार रात शुरू हो गया था। ऐसे में कुंडली-सिंघु बॉर्डर के खुलने की उम्मीद भी जग गई थी। हालांकि शाम तक कोई हलचल नहीं थी। दिल्ली प्रशासन चार बजे बुलडोजर लेकर कुंडली-सिंघु बॉर्डर सीमा पर पहुंचा और बैरिकेड हटाना शुरू कर दिया। अब हाईवे की सभी चार लेन खोलने के बाद से वाहन सरपट दौड़ सकेंगे।



## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने पर पीड़िता किशोरी ने दिया था बच्चे को जन्म, वारदाता में शामिल दो आरोपी नाबालिग

खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी को एएसजे नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल की कैद व 52 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वारदात में शामिल दो नाबालिग आरोपियों की कोर्ट में सुनवाई लंबित है। वारदात के बाद गर्भवती हुई पीड़ित किशोरी ने एक बच्चे को जन्म दिया था।

अभियोग के अनुसार किशोरी ने 24 नवंबर 2023 को बताया था कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। वह गांव के स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा है। अप्रैल से सितंबर 2023 को वह स्कूल में पढ़ी व बाद में घर अपने पर फलों की रेहड़ी पर काम करती थी। जिनकी पहचान कशिश व दो अन्य लड़कों के साथ हुई। अप्रैल-मई में वह एक दिन अपने घर से टूटी पर पानी भरने के लिए गई थी। जहां उसके पास कशिश का दोस्त आया। उसे बहला फुसलाकर गांव के पार्क में ले गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर उसे व परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी। उसके तीन चार दिन बाद कशिश उसे मिला व प्लॉट में फिर गलत काम कर बताने पर जान से मारने की धमकी दी। फिर कशिश का दूसरा दोस्त उसे बहला कर ले गया। उसके साथ गलत काम किया। कई दिनों के बाद फिर से कशिश ने कई बार उसके साथ गलत काम किया। फिर वह बहने के साथ गांव से उसकी ससुराल आ गई। पेट दर्द होने पर उसे पीएचसी लेकर गए। जहां जांच के बाद गर्भवती पाए जाने पर उसे सोनीपत में रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसआई सरिता की टीम ने दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अदालत दो को बाल सुधारगृह व कशिश को जेल भेज दिया। पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया। एएसजे नरेंद्र की अदालत ने आरोपित कशिश को 6 पोक्सो एक्ट में दोषी मानते हुए दोषी कशिश को 20 साल कैद की सजा व 50 हजार रुपये जुर्माना, आईपीसी की धारा-506 में दो साल केद की सजा व दो हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साथ ही 40 हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। मामले में दो नाबालिगों का केस अदालत में चल रहा है।

## 12वीं के विद्यार्थियों ने दी गणित की परीक्षा

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 12वीं की परक्षा के लिए बनाए थे जिले में 54 परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। वीरवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने गणित विषय की परीक्षा दी। परीक्षा के लिये जिले में बनाए गए 54 परीक्षा केंद्रों पर 3170 विद्यार्थियों ने पेपर दिया। परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप भी नजर नहीं आया। बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करने के लिए शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन व पुलिस की तरफ से पूरी ताकत झोंकी हुई है। सभी केंद्रों पर दो-दो महिला पुलिसकर्मियों सहित छह-छह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। डायल 112 व संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी भी लगातार गश्त करते रहे, जिससे बाहरी हस्तक्षेप पर भी अंकुश लगा है। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं, जबकि 12वीं कक्षा का वीरवार को गणित विषय का पेपर संचालित किया गया। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में पेपर हुआ। जिले में कहीं से भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया है।

### 54 परीक्षा केंद्र, 3170 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

जिले में बनाए गए 54 परीक्षा केंद्रों पर 12वीं कक्षा के 3170 विद्यार्थियों ने गणित विषय का पेपर दिया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर बरती जा रही सख्ती के चलते कहीं पर भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। -कृष्ण रोहिल्ला, बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत

### पंप प्रबंधक ने किया 30 लाख का गबन

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां पेट्रोल पंप के प्रबंधक ने 30 लाख का गबन कर दिया। संदेह होने पर मालिक ने जांच करवाई तो इसका खुलासा हुआ। सदर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कासंडी के संदीप कुमार ने गांव खानपुर कलां में डा. दलेल सिंह एंड संस फीलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप लगा रखा है। गोहाना का सोनू सात साल से प्रबंधक था और पंप का काम देख रहा था। जब सीए से तेल और जमा रुपयों के रिकार्ड का मिलान कराया तो पता चला कि सोनू ने पंप से लगभग 30 लाख का गबन मिला।

## अस्पताल में मरीज ने छठी मंजिल से कूदकर जान दी

- जाखौली गांव का सुनील भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज में था उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल में उपचाराधीन मरीज ने छठी मंजिल से कूदकर जान दे दी। इससे अस्पताल के स्टाफ में हडक्रंप मच गया। महिला थाना खानपुर कलां की पुलिस जांच कर रही है। गांव जाखौली का सुनील लंबे समय से बीमार था। स्वजन ने उसे पांच मार्च को गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल में दाखिल कराया था।

लिवर व छाती की बीमारियों से पीड़ित था। बीमारी के चलते वह परेशान रहता था। वह इस समय अस्पताल में चौथी मंजिल पर वार्ड 13 में दाखिल था। देखभाल के लिए पत्नी सुमन अस्पताल में साथ रह रही थी। गुरुवार दोपहर को पत्नी खाना लेने के लिए चली गई। उसी समय सुनील अपने बेड से उठा और चौथी मंजिल से छठी मंजिल पर पहुंच गया। उसने वहां से छलांग लगा दी और अस्पताल के भवन के सामने फर्श पर आकर गिरा। कर्मी उसे उठाकर आपातकालीन विभाग लेकर गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### युवती लापता, परिजनों का अपहरण का आरोप

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवती के लापता होने व अपहरण का मामला सामने आया है। युवती की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी तीन बेटियां व बेटा है। उसकी साढ़े 18 साल की बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। उसे आशंका है कि एक युवक उसे बहलाफुसलाकर अपने साथ ले गया। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसआई शिव मुनि ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है। जल्द तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## गढ़ी मोहल्ला: सीएम से शिकायत, पैमाइश शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

शहर के सैनी गढ़ी मोहल्ला में प्रशासन द्वारा पैमाइश का काम गुरुवार को शुरू कर दिया गया है, ताकि केस तैयार करके प्रदेश मुख्यालय भेजा जा सके। मोहल्ला वासियों के आग्रह पर उक्त पैमाइश शुरू की गई है। जिससे यह पता चल सके कि खेवट नंबर 137 में बसी कालोनी वासियों के मकान कौन कौन से कीला नंबर में हैं और कीला नंबरों में किन-किन का कितना कब्जा है। कितने एरिया में जोहड़ की जमीन है, कहां गलियां है, कहां कुएं व अन्य जमीन है। एसडीएम डा. निर्मल नागर के निर्देश से पैमाइश शुरू की गई है। पैमाइश के दौरान मोहल्ला वासियों के साथ साथ तहसील ऑफिस कानूनगो नरेंद्र, लोक निर्माण विभाग से नरेश कुमार, नगरपालिका पटवारी फूल कंवार,



**खरखौदा।** गढ़ी मोहल्ले में पैमाइश करते विभिन्न विभाग के कर्मचारी।

### 150 घरों की निशानदेही

सैनी गढ़ी मोहल्ले का केस विस में भी उठ चुका है। करीब 150 साल पुराने कब्जे पर 150 मकान बने हैं। मटिंडू बाईपास से निशानदेही पत्थर से लोकेशन लेकर एक डिजीटल मशीन सावित्रीबाई फुले पार्क में लगाई गई और दूसरी से कोडिंग करते हुए किला नंबर की लोकेशन सेट करके मकानों की पैमाइश शुरू की गई।

### 20 साल से पुराने कब्जाधारियों को मिलेगी राहत

खरखौदा में 20 वर्षों से अधिक पुराने कब्जों पर बसे हुए लोगों को राहत देने के लिए स्पेशल योजना आई है। सैनी गढ़ी मोहल्ला 100 से अधिक पुराने के संदर्भ में पैमाइश शुरू की गई है। स्कीम से अलग जिन लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं, उनकी भी पैमाइश कराई जाएगी और उन पर कोर्ट के आदेशों के मुताबिक उन्हें खाली कराया जाएगा। -डा. निर्मल नागर, एसडीएम खरखौदा।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पुलिस में नौकरी पाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

- 1997 में आठवीं में फेल होने व फर्जी तरीके से पढ़ने का आरोप

हरियाणा पुलिस के एक कर्मचारी पर फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने का आरोप लगा है। जगमेंद्र सिंह ने एसपी रोहतक को शिकायत दी। जिसमें बताया कि आरोपी ने 1997 में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से 8वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें वह फेल हो गया था। नियमानुसार उसे दोबारा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए थी, लेकिन उसने फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर दिल्ली के एक स्कूल से 8वीं पास दिखाकर सिसाना के एक स्कूल में 9वीं में दाखिला ले लिया। आरटीआई से खुलासा हुआ कि संबंधित स्कूल के रिकॉर्ड में ऐसे किसी प्रमाणपत्र का उल्लेख नहीं है। फिर 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर हरियाणा पुलिस में भर्ती पा ली। शिकायत के साथ आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं, जिनमें अनियमितताओं के प्रमाण होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच और आरोपित पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## चाइनीज मांझे के भंडारण, बिक्री खरीद व प्रयोग पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने मानव व पशु-पक्षियों की सुरक्षा को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए जिला में नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने या सिंथेटिक पदार्थ से लेपित एवं गैर बायोडिग्रेडेबल चाईनीज मांझा या पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले धागे के निर्माण, बिक्री, भण्डारण, खरीद व उपायोग करने पर प्रतिबंध लगाया है।

जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि वैध सीटीओ वाली मौजूदा इकाईयां जो रेयान, टायर कार्ड, पॉलिएस्टर फिलामेंट यार्न सहित सिंथेटिक फाइबर का विनिर्माण करती है उनके द्वारा वार्षिक स्व-घोषणा कथन प्रस्तुत किया जाएगा कि उनके द्वारा पतंग उड़ाने के लिए चाईनीज मांझा, नायलॉन, सिंथेटिक व कांच लेपित धागे का निर्माण या उत्पादन नहीं किया गया है और वे अपने उत्पादन को केवल वैध उपयोगकर्ताओं को ही आपूर्ति कर रहे हैं।

### सुनिश्चित करें अधिकारी

जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि इन आदेशों की पालना करवाने की पूर्णतयाः जिम्मेवारी पुलिस आयुक्त, नगर निगम आयुक्त, जिला नगर आयुक्त, उप मण्डल मैजिस्ट्रेट सोनीपत, गोहाना, खरखौदा तथा गोहाना, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, सभी बीडीपीओ, नगर परिषद गोहाना के कार्यकारी अधिकारी, नगर पालिका खरखौदा, गन्नौर व कुण्डली के सचिव तथा नियुक्त सभी ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तथा सभी थाना प्रबंधकों की होगी। अगर कोई दुकानदार या व्यक्ति इन आदेशों का अवेहलना करने पर नियमानुसार कार्रवाई करें।

### कार्टूनिस्ट की पड़ोसियों ने की पिटाई, केस दर्ज

**गन्नौर।** खुबडू गांव में एक अखबार कार्टूनिस्ट का उनके पड़ोसियों के साथ झगड़ा हो गया। झगड़े में कार्टूनिस्ट व उसका बेटा घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत खुबडू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में कार्टूनिस्ट राजेंद्र वर्मा ने बताया कि 17 मार्च की शाम वह अपने पोते को घुमाकर लौट रहे थे, तो उनके पड़ोसी वंश, अंश और गर्व ने बाइक से उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज की। घर पहुंचकर जब इसकी शिकायत सतीश से की तो सतीश ने परिवार के साथ उससे मारपीट की। जिससे उनकी नाक की हड्डी भी टूट गई। जब राजेंद्र के बेटे आकाश ने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई की और दोनों जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने सतीश, अंश, वंश, गर्व, मिनाक्षी व भरपाई के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट करने का आरोप लगाते हुए खुबडू झाल पुलिस चौकी में शिकायत दी।

### डीसी ने राजस्व अधिकारियों के साथ की मासिक बैठक

# रजिस्ट्री होने पर तुरंत करें इंतकाल: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि रजिस्टरी होने के तुरंत बाद इंतकाल करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनके पास बार-बार इंतकाल को लेकर शिकायतें आती है इसलिए इंतकाल से संबंधित जो भी पेंडेंसी है उसे तुरंत दूर करें।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने गुरूवार को लघु सचिवालय में आयोजित राजस्व विभाग की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की जिन कालोनियों के इंतकाल करने में दिक्कतें आ रही है वहां नगर निगम व राजस्व अधिकारियों की कमेटी बनाएं और वहां विशेष कैंप लगाकर वहां के लोगों की इस परेशानी को तुरंत दूर करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उन्होंने ऑनलाईन जमाबंदी को लेकर निर्देश दिए कि इसको लेकर एक शेड्यूल तैयार करें कि किस तिथि को जमाबंदी का पहला प्रिंट निकलेगा और किस दिन दूसरा व किस दिन फाईनल प्रिंट निकलेगा। इसके अलावा जो भी शेड्यूल बनाया जाए निर्धारित समय के अंदर वह कार्य पूरा होना चाहिए। उन्होंने सोनीपत शहर के पटवारियों की कार्यशैली पर नाराजगी दिखाते हुए उन्हें सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी कार्यशैली में सुधार करें और उनके कार्यालय से कोई भी व्यक्ति निराश न लौटे।

### केसों की समीक्षा

तकसीम से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आपकी कोर्ट में जो पूराने तकसीम से संबंधित केस चले हुए है उनका तुरंत निपटारा करें ताकि लोगों के जमीन से संबंधित बटवारे में हो रही परेशानी दूर हो सके। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार ऑनलाईन सूची तैयार करें कि उन्होंने प्रतिदिन तकसीम से संबंधित कितने केसों का निपटारा किया। इसके अलावा उन्होंने नक्शा-ख को लेकर सभी कानूगो को निर्देश दिए कि वे सभी पेंडिंग नक्शों को तुरंत तैयार करें ताकि लोगों के तकसीम से संबंधित केसों का निपटारा हो सके। उपायुक्त ने 47-ए से संबंधित की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एफसीआर के सख्त निर्देश है कि 47-ए के तहत जुर्माना राशि की वसूली समय सीमा में करें। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी से संबंधित जुर्माना राशि की वसूली करें। साथ ही उन्होंने स्वामित्व योजना की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, तहसीलदार सोनीपत जीवेन्द्र कुमार सहित सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा बीडीपीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च



बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।

# जीवन है जल आओ करें संरक्षित

अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।

### विश्व जल दिवस की शुरुआत



जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

### हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

### क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

### क्या-क्या होता है आयोजन में

विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

### जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



**बच्चो, तुम** भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजो' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन उसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काऊ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काऊ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूध:** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।

**चित्र में क्या दिखाया गया है:** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोत:** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *

### दूध है कंप्लीट फूड



**बच्चो, दूध** को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रीएंट्स, जैसे- कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशप्रेम की रोमांचक कहानी




बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।

**किताब:** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखक:** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

# कौए को भाया काला रंग



एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।

'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।

कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फुली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थानों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ........ का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ........ दही की नदियां बहना।
6. छठी का ........ याद आना।
7. ........ के कुल्ले करना।
8. ........ में खट्टा डालना।

## जीके क्विज-146



1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?

बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक

## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रितेश, मटियारी



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



सौम्य, बालोद



तक्षित, बिलासपुर



कुंजल, कोरबा



बेबी, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172

बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में मनोविज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस गतिविधि का संचालन मनोविज्ञान विभाग प्रभारी गीता शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को कहा कि खुश रहना सिर्फ एक भावना नहीं, बल्कि एक आदत है। जो हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाती है।

### ओशो के संबोधि दिवस के अवसर पर उत्सव आयोजित

**सोनीपत।** ओशो के अनुज डॉ. स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने कहा कि ओशो आश्रम, सोनीपत में ओशो के संबोधि दिवस के अवसर पर एक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. स्वामी शैलेंद्र सरस्वती वीरवार को आशो आश्रम में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दिन ओशो के जीवन का ऐतिहासिक क्षण है, जब 21 मार्च 1953 को, जब वे मात्न 21 वर्ष के थे, जबलपुर के भंवरताल उद्यान में मौलश्री वृक्ष के नीचे उन्हें आत्मज्ञान की अनुभूति हुई थी। इस दिव्य घटना को श्रद्धा और आनंद के साथ याद करते हुए आश्रम में विशेष ध्यान सत्न, प्रवचन और संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### वार्षिक संत समागम महोत्सव का समाप्न

**गन्नौर।** श्री कृष्ण प्रणामी मन्दिर सिद्धपीठ धाम एवं गौशाला गन्नौर के वार्षिक संत समागम महोत्सव के अंतिम दिन पूर्णाहुति, संतो के प्रवचन, भजन, ध्वजारोहण व भंडारे के साथ समापन हुआ। हरिद्वार से आए स्वामी शंकरानंद महाराज, गौ ऋर्षि श्यामदास महाराज, गौशाला सेवा समिति के प्रधान सतपाल शर्मा आदि भक्तों ने हवन में आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की।

### पालिका के उप चेयरमैन के लिए जोड-तोड़ शुरू

**खरखौदा।** नगरपालिका खरखौदा के चेयरमैन व पार्षदों का चुनाव सम्पन्न होने के बाद 1 चेयरमैन व 16 पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। जबकि उप चेयरमैन को चुना जाना बाकी है। जिसके लिए पार्षदों में जोड़ तोड़ शुरू हो गई है। मुकेश सैनी जो वार्ड 16 से पार्षद हैं, उनके पक्ष में 10-12 पार्षद बताए जा रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा कार्यकर्ता के रूप में चुनाव लड़कर जीतने वाले नवीन दहिया भी डिप्टी चेयरमैन के लिए कोशिश कर रहे हैं। चुनाव सम्पन्न होने के बाद 16 में से 14 पार्षद विधायक पवन खरखौदा से मिलने गए थे। जिस पर विधायक पवन खरखौदा ने स्पष्ट किया था जिसे पार्टी कहेगी उसे ही उप चेयरमैन पद से नवाजा जाएगा।

### किसान नेताओं ने की पंजाब सरकार की निंदा

**सोनीपत।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा सोनीपत ने पंजाब सरकार द्वारा किसान नेताओं को गिरफ्तार करने को लेकर कड़ी निंदा की है। भारतीय किसान यूनियन के ब्रह्म सिंह दहिया, सिल्क राम मलिक, रामनिवास राणा, श्रद्धानंद सोलंकी, रणवीर मलिक ने बताया कि किसान सभा सोनीपत ने बुधवार शाम चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के साथ अपनी बातचीत समाप्त करने के बाद पंजाब क्षेत्र में प्रवेश किया ही था।

## एमडीयू रोहतक में फ्लॉवर फेस्टिवल में चमकाया नाम

# जीवीएम गर्ल्स कॉलेज ने दमदार प्रदर्शन कर सत्रह पुरस्कार जीते

### महाविद्यालय में लौटने पर प्राचार्या ने विजेताओं का अभिनंदन किया

दस स्पर्धाओं में प्रथम तथा चार में द्वितीय और तीन स्पर्धाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (एमडीयू) में आयोजित फ्लॉवर फेस्टिवल में जीवीएम गर्ल्स कालेज ने दमदार प्रदर्शन करते 17 पुरस्कार हासिल किए। इनमें दस स्पर्धाओं में प्रथम तथा चार में द्वितीय और तीन स्पर्धाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते कहा कि इसमें कालेज के मालियों का विशेष योगदान है।

प्राध्यापिका प्रियंका ने यह जानकारी देते बताया कि संयोजक प्राध्यापिका अर्चना खुराना व फाइन आर्ट्स की संयोजक रोजी चोपड़ा के निर्देशन में जीवीएम ने फ्लॉवर फेस्ट में हिस्सा लिया, जिसमें बोटनी विभाग की प्राध्यापिकाओं रश्मि जावा व अनीता सैनी सहित विधि ने विशेष सहयोग दिया। फेस्ट के अंतर्गत आयोजित फ्लोरल एक्जिबिट्स (पॉटिड प्लांट्स) प्रतियोगिता के तहत जीवीएम ने कलांचे में प्रथम, डायंथस में प्रथम, गजेनिया में प्रथम, फॉलेक्स में प्रथम, सलाविया में प्रथम और मैरिगोल्ड में द्वितीय, अर्थेरियम में द्वितीय तथा अलाइसम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फॉलियज प्लांट्स (कैकटी-सकलेंट्स) प्रतियोगिता के अंतर्गत फर्म्स में प्रथम, क्रॉटोन में प्रथम तथा कैकटस में प्रथम और फॉलियज में द्वितीय स्थान हासिल किया। कट फ्लॉवर्स प्रतियोगिता के अंतर्गत गलेडियस में प्रथम तथा जेरवेरियम में तृतीय स्थान अर्जित किया। इस दौरान आयोजित रंगोली स्पर्धा में बीए द्वितीय वर्ष की मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑन द स्पॉट रील मेकिंग कांटेस्ट में बीएससी द्वितीय वर्ष मेडिकल की छात्रा अपूर्वा ने प्रथम तथा बीएससी नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष की समीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं का अभिनंदन किया।

### क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**सोनीपत।** इंडियन मॉडर्न स्कूल में सीबीएसई द्वारा निर्देशित क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला "लर्निंग" आउटकम, पेडागॉजी और एक्सपीरिएंशिल लर्निंग विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का प्रतिनिधित्व डॉ. निशि फौगाट एवं मीनाक्षी सरोहा ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों से अवगत कराना और शिक्षा को अधिक प्रभावी, रोचक एवं व्यावहारिक बनाना था।

## अवंती बाई लोधी को किया नमन

- 167वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



अवंती बाई लोधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देते नागरिक।

शहर में महम मार्ग स्थित गांधीनगर की रविदास चौपाल में वीरांगना अवंती बाई लोधी के 167वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने वीरांगना के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह का मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता गुरु रविदास सभा गांधीनगर के सचिव सतबीर पौडिय़ा ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में संपूर्ण भारत में किसी भी देसी राजघराने से स्वदेश के लिए प्रथम महिला बलिदान 20 मार्च 1858 को वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का रहा है। वह ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की कट्टर विरोधी थी। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और हजारों की संख्या में ब्रिटिश सैनिकों को मौत के घाट उतारा। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी सरोज देवी ने की। कहा कि अवंती बाई लोधी मध्य प्रदेश के रामगढ़ की महारानी थी। उनके पति महाराज विक्रमादित्य सिंह के निधन के बाद उन्होंने राजगद्दी संभाली थी।



गोहाना। गुरुजनों व अतिथियों के साथ त्रिवेणी रोपण करते स्वयंसेवक।

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

गोहाना। गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में त्रिवेणी रोप कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुंडू ने की। मुख्य वक्ता त्रिवेणी बाबा ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण में त्रिवेणी रोपण का महत्व समझाया। त्रिवेणी बाबा ने शिविर में स्वयंसेवकों को जुलाई 2025 तक हर महीने एक त्रिवेणी लगाने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर कुशल जीवन के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना अति आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वंसेवकों को स्वच्छ भारत, श्रेष्ठ भारत और प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश भी दिया। शिविर में स्वयंसेवक हर्ष, जतिन, मोनू, हिमांशु, राहुल, हर्ष, आशु और साक्षी का सराहनीय योगदान रहा। संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी साहिल सभरवाल का रहा।

### टूटे सड़क मार्ग के विरोध में रोष प्रदर्शन आज

**सोनीपत।** ककरोई, करेवड़ी, चिटाना रोड टूटने के विरोध में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला पार्षद संजय बड़वासनीया ने बताया कि नगर निगम व पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यालय के सामने अपनी गाड़ी रस्सी से बांध कर खींच कर टूटी सड़कों का विरोध जताएंगें। उन्होंने कहा कि करेवड़ी से चिटाना रोड बनते ही 6 महीने के अंदर टूट गया। हुल्लाहेड़ी रोड भी दो-ढाई साल पहले बना था वह भी टूट चुका है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। लगातार अधिकारियों को रोड बनाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। बड़वासनी से म्हारा रोड भी टूट चुका है। कई बार प्रशासन अधिकारी से मिलकर शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी को परेशानी को देखते हुए सरकार व प्रशासन को जगाने के लिए अनोखे ढंग से प्रदर्शन किया जाएगा।

## 172 मेधावियों को किया सम्मानित

- विद्यार्थियों को लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन वमावि में गुरुवार को आयोजित मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 172 विद्यार्थी सम्मानित हुए। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। मुख्यातिथि डॉ. सूरज देवगन और विशिष्ठ अथिति परामर्शदाता नीरज कुमार थे। कक्षा पीपी-1 से विक्रांत, दिव्या, शौर्य वीर व वेदांश, कक्षा पीपी-2 से तनीषी, नम्या, अर्चित व मनप्रीत, कक्षा पीपी-3 से कुणाल, कीया, यश्मित, अंश व सानवी, कक्षा प्रथम से तनीष, आरव व गौरांश, कक्षा द्वितीय से वैभव, लक्ष्य, स्पर्श, प्रियांशी, हिमानी व जीवन शर्मा, कक्षा तृतीय से तृषा, रिहान, दक्ष, हीरेन व मन शर्मा, कक्षा चतुर्थ से अभी शर्मा व ऋषभ शर्मा, कक्षा 5वीं से वंश, लविश, दिव्या, ईशिका व आदित्य, कक्षा छठी से अन्वी, सिमरन, पायल, प्रिया व रितिका 7वीं से ईशिका, योगिता, राम, आंचल, हर्षित व शिवानी, कक्षा 8वीं से अंजली, मन्नत, देवांश, खुशी व प्रियांशी, कक्षा 9वीं कक्षा से प्राची, अंशु, दीपिका, अंश व यश, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय से दिव्या शर्मा, प्रिंस व आर्यन, कॉमर्स संकाय से रितेश, रिया व भूमिका सम्मानित हुए।

### बाइक सवारों ने छीनी सोने की चेन व अंगूठी

**खरखौदा।** हाईवे के पास बदमाशों ने एक किसान से सोने की चेन और अंगूठी छीन ली और फरार हो गए। थाना खुर्द के रहने वाले पीड़ित कृष्ण चंद्र ने पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है। कृष्ण चंद्र का कहना है कि 17 मार्च को वह दोपहर अपनी मोटरसाइकिल से खरखौदा से अपने गांव लौट रहा था। जब वह हाईवे 334 बी पर बने एक ब्रेकर पर पहुंचा तो अपनी बाइक धीमी कर ली। इसी दौरान पीछे से आई बाइक के चालक ने उसके पास आकर अपनी बाइक रोक दी। वह युवक उसके सामने आ गया और कहासुनी करते हुए उसके गले से सोने की चेन व उंगलियों से दो सोने की अंगूठी छीन ली। इसी बीच दूसरा युवक पीछे से आया और दोनों लुटेरे बाइक पर सवार होकर थाना कलां गांव की ओर भाग गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी परिवार को दी, जिसके बाद खरखौदा व थाना खुर्द में लगे कैमरों की जांच की, लेकिन लूटेरों की पहचान नहीं हो सकी।

## खरखौदा में सरसों की खरीद प्रारंभ

- रजिस्टर्ड किसान ही अनाज मंडी में सरसों लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। सरसों की खरीद करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

स्थानीय अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू हो गई है। पहले दिन गुरुवार को सरसों की खरीद की गई। जिसमें पांच किसानों को गेट पास मुहैया कराए गए। जिनसे 53 क्विंटल सरसों अनाज मंडी में पहुंची। वेयर हाउस कंपनी द्वारा 5950 की दर से सरसों की खरीद की जा रही है। 15 क्विंटल सरसों ऐसी थी, जो निर्धारित मानकों पर खरी थी, जिसे तुरंत खरीद लिया गया। जबकि बाकी सरसों में नमी ज्यादा होने के कारण खरीदा नहीं जा सका। किसानों व मजदूरों को ध्यान में रखते हुए टॉयलेट सुचारू रूप से चालू कर दिए गए हैं। उनके साथ सफाई करके मंडी के हवाले किए गए हैं। दूसरी तरफ एक अप्रैल से अनाज मंडी में रसोई शुरू हो रही है। जिसमें 10 रुपए में मजदूर व किसानों को यहां खाने के लिए थाली मिलेगी।

स्वयं सहायता समूह द्वारा पिछली बार की तरह यह सुविधा शुरू की गई है। मार्केट कमेटी सचिव सुरेश कुमार का कहना है कि सभी किसानों से अपील है कि रजिस्टर्ड किसान ही अनाज मंडी में सरसों लेकर पहुंचे उनका गेट पास उपलब्ध कराया जाएगा। वह अपनी सरसों को अच्छे से सुखाकर और कूड़ा करकट रहित करके मंडी में लेकर आए, ताकि उनकी सरसों की फसल जल्दी से जल्दी खरीदी जा सके।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के साथ कॉलेज स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### एआई के योगदान विषय पर चर्चा

**सोनीपत।** राजकीय महिला कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की शुरुआत प्राचार्य डॉ. नरेश अंतिल द्वारा उद्घाटन समारोह से की गई, जहां उन्होंने नारी सशक्तिकरण और सामाजिक सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद, छात्रों ने कई गतिविधियों में भाग लिया। सुबह के सत्र में छात्राओं के लिए सामूहिक चर्चा नामक गतिविधि को रखा गया जिसका विषय दैनिक जीवन में एआई का योगदान रहा। तत्पश्चात डॉ. गुरशरण कौर ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी अनेक तरह की समस्याओं से संबंधित व्याख्यान दिया जिसमें कि पीसीओडी, पीसीओएस तथा यूडीआई इत्यादि समस्याएं शामिल थी। व्याख्यान से पूर्व डॉ. वंदना नासा ने मुख्य अतिथि को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

## प्लेट आर्ट में ज्योति ने बाजी मारी

- छात्राओं ने एचआईवी-एड्स को लेकर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जागरूकता रैली निकालते जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं एवं स्टाफ।

रामनगर गांव में आयोजित किये जा रहे जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय आवासीय शिविर के दूसरे दिन एचआईवी-एड्स पर जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान आयोजित फ्लेमलैस कूकिंग में अनुष्का, अनुराधा, रितिका व खुशबू की टीम अव्वल रही तो प्लेट आर्ट में ज्योति ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं के साथ दूसरे दिन के सफल आयोजन की बधाई दी। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनैस के अवसर पर शिविर के दूसरे दिन की थीम- ब्रेक दी स्ट्रैस बूस्ट दी हैप्पीनैस रही। शिविर के प्रथम सत्र में जागरूकता रैली निकालते हुए स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों को घर-घर जाकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। दूसरे सत्र में होम साइंस की प्राध्यापिकाओं दिव्या और हिमांशी ने स्किल एन्हांसमेंट के तहत फ्लेमलैस कूकिंग का प्रशिक्षण देते हुए इसे स्टार्टअप के तौर पर अपनाने का प्रोत्साहन दिया। इस दौरान फ्लेमलैस कूकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें अनुष्का, अनुराधा, खुशबू व रितिका की टीम प्रथम रही।



सोनीपत। जागरूकता रैली निकालते छात्राएं व चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता रैली निकाली

**सोनीपत।** वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर सोनीपत के नागरिक अस्पताल में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में नर्सिंग छात्राओं ने भाग लिया और नागरिक अस्पताल व आसपास के क्षेत्रों में मुख एवं दंत स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाई। इस वर्ष की थीम हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी माइंड पर ध्यान केंद्रित किया गया था। रैली में उप सिविल सर्जन डा. अनीता, वरिष्ठ दंतक सर्जन डा. कृष्ण लाल, दंत चिकित्सक डा. निकिता, डा. सुभाष, डा. नरेंद्र व विवेक, राजदुलारी व जयदीप ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। डा. अनीता ने बताया कि मुख स्वास्थ्य के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय हैं। जिनमें, दिन में कम से कम दो बार ब्रश करें, मीठे खाद्य पदार्थों और चिपचिपे पदार्थों की मात्रा सीमित रखें, धूम्रपान और अन्य तंबाकू उत्पादों से बचें, अपने दंत चिकित्सक के नियमित रूप से चेकअप कराते रहें। ताकि एक हैप्पी माउथ इज हैप्पी माइंड के थीम को साकार किया जा सके।

**विधानसभा** | विधायक निखिल मदान ने विधानसभा में उठाई मांग

# अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट, जनरल सर्जन सहित चिकित्सकों की कमी का उठाया मुद्दा

सोनीपत के सामान्य अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विधानसभा में अपनी बात रखते हुए विधायक निखिल मदान।

विधायक निखिल मदान ने वीरवार को प्रश्न काल में सोनीपत के सामान्य अस्पताल में चिकित्सको की कमी का मुद्दा उठाया और सरकार से सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पड़े सभी पद भरने की मांग रखी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत जिले के 10 लाख से भी अधिक लोग अपने इलाज के लिए सामान्य अस्पताल सोनीपत पर आश्रित है, लेकिन सोनीपत के सामान्य अस्पताल में जरुरी सुविधाओं की भारी कमी है। निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में पिछले 3 साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, जिसके कारण अस्पताल में रखी अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले 3 साल से बंद पड़ी है। इसके कारण गर्भवती महिलाओं और गरीब लोगों को तीन गुणा पैसे देकर प्राइवेट क्लिनिक से अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है। इसके साथ ही सिविल अस्पताल में जनरल सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट सहित डॉक्टर्स के विभिन्न पद खाली पड़े हैं। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सामान्य अस्पताल में कैथ लैब खोलने की मांग भी वर्षों पुरानी है, उनकी सरकार से यही मांग है कि सोनीपत के सामान्य अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा दी जाए ताकि लोगों को सस्ते दरों पर सभी प्रकार के हृदय रोग संबंधी और अन्य मेडिकल टेस्ट करवाने की सुविधा प्राप्त हो सके। इसके साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में काम आने वाले जरूरी उपकरण एएसएसआर मशीन न होने के कारण दिव्यागजनों को लंबी-लंबी लाइन में लगना पड़ता है और जांच के लिए पानीपत, रोहतक और खानपुर जाना पड़ता है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन

विधायक निखिल मदान के प्रश्न के जवाब में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सदन में जवाब दिया कि सोनीपत सिविल अस्पताल में अगले सप्ताह तक सीएमओ जनरल सर्जन की नियुक्ति हो जाएगी। इसके साथ ही अन्य चिकित्सकों के रिक्त पद भी भरे जाएंगे। जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाएगी। एमआरआई मशीन और कैथ लैब खोलने के कार्य को भी जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए री टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## अभिषेक के खेतों का निरीक्षण किया

- खेत में एक साथ टमाटर, खीरा और तोरी की फसल उगा रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जिले में किसान खेती बाड़ी में मुनाफा कमाने के लिए अलग-अलग की पद्धति अपना रहे है। जिसके चलते किसान को फायदा हो रहा है। वहीं आसपास के क्षेत्र के लोगों को रोजगार तक मिल रहा है। गांव पल्ला में किसान अपने खेत में एक साथ तीन फसल प्राकृतिक पद्धति के तहत उगा कर खेती कर रहा है। प्रगतिशील किसान अभिषेक ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती पद्धति से मल्टी लेयर क्रॉप को देखने के लिए आसपास के किसान व अधिकारी पहुंच रहे है। बृहस्पतिवार को जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में कृषि विभाग के आला अधिकारियों की टीम ने गांव पल्ला में पहुंचकर किसान अभिषेक के खेतों का निरीक्षण किया। बता दें कि कृषि विभाग की तरफ से प्राकृतिक खेती के तहत किसानों को मल्टी लेयर क्रॉप पद्धति के तहत खेती करने को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है।

अभियान के तहत सोनीपत के किसानों को गुजरात और उत्तर प्रदेश के प्रगतिशील प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के खेतों की विजिट भी करवाई गई है।


**सूचना**

मैं, प्रकाशी देवी धर्मपत्नी स्व. श्री हरज्ञान सिंह निवासी मकान नंबर 1147/5, सुंदर सांवरी, जटवाड़ा, तहसील व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक कुमार तथा मेरी पुत्रवधु सीमा मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### जिम संचालक की हत्या में शामिल किया काबू

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस टीम ने जिम संचालक युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल उर्फ लाला निवासी मल्हा माजरा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### डेयरी संचालक की हत्या में शामिल गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस टीम ने डेयरी संचालक की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कपिल उर्फ मिंटू निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### पुलिस ने हत्या का नौंवा आरोपित किया गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत की पुलिस टीम ने गोली मारकर युवक की हत्या करने वारदात में शामिल नौवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अकील उर्फ़ फौजी निवासी मेरठ यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी गढ़ी हकीकत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक तेजप्रकाश की टीम गश्त के दौरान 19 मार्च को मुरथल रजवाहे पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक के आने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से एक पिस्तौल व एक जिंदा रौंद मिला। इस संबंध में मुरथल थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य सिपाही प्रयाग ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पीएम आवास योजना : 1707 लाभार्थियों को जारी की गई पहली किस्त

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दिया तोहफा

- उपायुक्त ने दबाया बटन, पहली किश्त के तौर पर प्रत्येक लाभाथियों को मिलेंगे 45 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के 36 हजार पात्र लाभार्थियों को विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से पहली किशत जारी करते हुए प्रदेश के सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने लाभार्थियों को संबंधित करते हुए कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाएं और उसी दायित्व को पूरा करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर रही है।

लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बटन दबाकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिला के 1707 लाभार्थियों को पहली किश्त जारी की। उन्होंने बताया कि पहली किश्त के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को घर बनाने की शुरूआत करने के लिए 45 हजार रूपये मिलेंगे। आज जिला के 1707 लाभार्थियों को कुल 7 करोड़ 68 लाख 15 हजार की राशि जारी की गई है।

उन्होंने इस योजना से जुड़े सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना हर पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचें। उपायुक्त ने कहा कि गरीब के पक्के मकान के सपनों को पूरा करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। पिछले दिनों जिन गरीब परिवारों के पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं थी, प्रदेश सरकार ने जिला के विभिन्न गांवों के लोगों को 100-100 गज के प्लॉट वितरित किए ताकि वे वहां अपना मकान बना सके। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस पैसे का इस्तेमाल मकान बनाने के लिए ही करें ताकि भविष्य में उनको और पैसा भी मिल सके। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद अभय जांगड़ा, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग से पूनम दहिया सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

00



सोनीपत। लाभार्थियों के साथ उपायुक्त, डीडीपीओ एवं अन्य अधिकारीगण।

### 1 मार्च से शुरू किया गया है सर्वे

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नया सर्वे गत एक मार्च 2025 से शुरू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे परिवार जिनका वर्ष 2018 में हुए सर्वे के दौरान पंजीकरण नहीं हुआ था और जो परिवार इस स्कीम से अपात्र या छूट गए थे वे भी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस सर्वे के लिए सभी ग्राम पंचायतों में संबंधित ग्राम सचिवों को सर्वेयर के तौर पर नियुक्त किया है। अब कोई भी जरूरतमंद परिवार फोन या सीएससी से अपने घर का सर्वे कर आवास प्लस 2.0 एप 2024 पर अपलोड कर सकता है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए है।

### खास बातें

- जिले के 1707 लाभार्थियों को जारी की गई है कुल 7 करोड़ 68 लाख 15 हजार रूपये की राशि
- मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी वीसी के माध्यम से लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए किया संबोधित

### *5 हजार 308 ने किया था आवेदन*

*प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिला के 5 हजार 308 लोगों ने आवेदन किया था। जिनमें से 3 हजार 83 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के साथ-साथ 1 हजार 606 आवेदनों को अपात्र किया गया था। 733 पात्र लाभार्थियों को पहले पैसा जारी कर दिया गया था और 1707 लाभार्थियों को आज पहली किश्त जारी की गई है। इस योजना के तहत अब तक 3 हजार 83 लाभार्थियों में से 2 हजार 440 लाभार्थियों को पैसा जारी कर दिया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को एक लाख 38 हजार रूपये दिए जाएंगे।*



गोहाना। आरे में भीषण आग से उठता हुआ धुएं का गुब्बार। फोटो : हरिभूमि

# आरे में भीषण आग, 7 घंटे में पाया मशक्कत से काबू

- आग में लाखों रुपये की लकड़ी सहित अन्य सामान आग में स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को शहर में बरोदा रोड स्थित लकड़ी के आरे में आग लग गईग। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने के लिए चार शहरों से दमकल विभाग की गाडियां मंगवानी पड़ी और करीब 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी में लाखों रुपये की लकड़ी सहित अन्य सामान आग में स्वाहा हो गया।

भूषण हसीजा का बरोदा रोड पर भूषण इंटरप्राइजेज नाम से लकड़ी का आरा है। ये नगर पार्षद के पूर्व पार्षद राजेश हसीजा के बड़े भाई हैं। गुरुवार सुबह आरे में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने के लिए गोहाना सहित खरखौदा, सोनीपत और राहतक से भी दमकल विभाग की गाडियां बुलानी पड़ी। जिस गली में आरा है वह संकरी अधिक होने से दमकल विभाग की गाडियों को आग पर काबू पाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। आग पर काबू पाने में करीब सात घंटे का समय लग गया। आगजनी में लाखों रुपये की लकड़ी सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि जिस समय आग भडक़ी उस दौरान आरा बंद था और कोई जनहानि नहीं हुई।

# छात्रों ने ब्रिटिश कांउसिल द्वारा आरआईडीएस प्रमाण पत्र हासिल किया, प्रधानाचार्य ने किया पुरस्कृत







राई। ब्रिटिश कांउसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के छात्र । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

रूकिमणी देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ब्रिटिश कांउसिल द्वारा आयोजित इंटरनेशनल डाईमेंशन इन स्कूल अवार्ड मिलने पर उपलब्धि हसिल की। प्रतिष्ठित सम्मान विद्यालय को वैश्विक शिक्षा में उत्कृष्टता, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को बढावा देने व शिक्षण में नवाचार को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह गौरव विद्यालय प्रशासन के सतत प्रयासों, शिक्षकों छात्रों व अभिभावकों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है जो विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक आदान प्रदान तथा वैश्विक शिक्षण युद्धतियों को अपनाने के प्रयासों को प्रमाणित करता है। प्रधानाचार्य डा. प्रवीण गुप्ता ने शिक्षकगणों छात्रों को गौरवशाली उपलब्धि के लिए छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी। यह सम्मान की बौद्धिक शिक्षा यात्रा में है। भविष्य में शैक्षिक नवाचार को अपनाते हुए विद्यार्थियों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने और नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए विद्यालय तत्पर रहेगा। स्कूल के शिक्षकों ने भी छात्रों को बधाई दी।

# प्रदीप सांगवान ने सीएम से सड़कों के सुधारीकरण की मांग उठाई

- पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने चंडीगढ़ में कबीर कुटिया पर मुख्यमंत्री से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा हलका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने चंडीगढ़ स्थित कबीर कुटिया पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। प्रदीप ने इस मुलाकात में मुख्यमंत्री को हलका क्षेत्र की सडक़ों की स्थिति बारे मुख्यमंत्री को अवगत करवाया और उनके सुधारीकरण की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से सडक़ सुधारीकरण की हामी भी भरवाई।

पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान के अनुसार क्षेत्र में लगभग 30 किलोमीटर लंबी 8 सडक़ों का सुधारीकरण करवाया जाएगा। सडक़ सुधारीकरण से यातायात व्यवस्था सुगम होगी और वाहन चालक जल्द अपना सफर तय कर सकेंगे। प्रदीप सांगवान ने अपने कार्यालय में भाजपा जिला गोहाना के नवनियुक्त अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक को सम्मानित किया। बिजेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पेश किया गया यह समावेशी बजट है। इसमें लाडो लक्ष्मी योजना में 2100 रुपए की स्कीम को लागू किया गया है। खेल नर्सरियों को 1500 से बढ़ाकर 2000 किया जाएगा। खिलाडिय़ों का बीमा योजना शुरू की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता महेंद्र चिड़ाना, डॉ. राममेहर राठी, जितेन्द्र शर्मा, राजेश भावड़, भूपेंद्र मुदगिल, सुमित कक्कड़, दारा सिंह नैन, सूरत सिंह, जगदीप सांगवान, रीनू मलिक व सोनू मलिक आदि उपस्थित थे।



20 जीओएच 4 में-भाजपा नेता प्रदीप सांगवान मुख्यमंत्री को सड़कों की स्थिति बारे अवगत करवाते हुए।

## हरियाणा हॉकी लीग में जीते पदक

**सोनीपत।** नरवाना में 13 मार्च से 19 मार्च 2025 तक आयोजित हरियाणा हॉकी लीग के फाइनल मैच (जूनियर) में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की खिलाड़ियों ने सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हिसार की टीम को शूटआउट में 4-3 के स्कोर से हराकर खिताब अपने जिले के नाम रोशन किया। इसके साथ ही सब जूनियर वर्ग के फाइनल मैच में हिसार के साथ 3-4 के शूटआउट के स्कोर से खेलते हुए टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की होनहार खिलाड़ी साक्षी, वंशिका, माही, जैस्वीन, रिया, भव्या, ख़ुशी, सोनिया, तम्मना, प्रियंका, अवनी, अमन, मौऊकी, इशिका व हर्षिता ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इस जीत के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन चयन दिल्ली में होने वाली हॉकी लीग के लिए भी हुआ। हॉकी कोच प्रीतम सिवाच (द्रोणाचार्य अवार्डी), विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी हॉकी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।



विजेता खिलाड़ी अपनी ट्राफी दिखाते हुए।

### भाजपा नेता की हत्या मामले में दो और पकड़े

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने भाजपा नेता सुरेंद्र की हत्या में संलिप्त दो और आरोपित गिरफ्तार कर लिए। आरोपित गांव जवाहरा का सचिन और पानीपत में गांव कालखा का अंकुश है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।

जमीनी विवाद में 14 मार्च को भाजपा के मुंडलाना मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र नंबरदार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वे गांव जवाहरा के रहने वाले थे और उनके गांव के ही मनु ने वारदात को अंजाम दिया था। सुरेंद्र की पत्नी की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया था। क्राइम यूनिट गोहाना के उप निरीक्षक नवीन ने पुलिस टीम के साथ मुख्य आरोपित मनु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने अब गांव जवाहरा के सचिन और कालखा गांव के अंकुश को गिरफ्तार किया। सचिन वारदात के दिन मुख्य आरोपित मनु को बाइक पर बैठाकर लेकर गया था। आरोपित अंकुश ने मनु को 2017 में अवैध हथियार दिया था।

# जमीन से अवैध कब्जे हटाने को पुलिस सुरक्षा के बीच पटवारी ने की पैमाइश

- गांव पबनेरा के व्यक्ति भी रहे कार्रवाई के दौरान मौजूद, पूरा दिन गांव में रहा अफरा-तफरी का माहौल

गन्नौर। गांव पबनेरा में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जों की शिकायत के बाद कानून को के आदेश पर वीरवार को कार्रवाई करते हुए पटवारी नवीन व गिरदावर राजेश ने पुलिस सुरक्षा के बीच पंचायती जमीन की पैमाइश की। गांव पबनेरा के रामकुमार ने बताया कि उन्होंने तहसीलदार को पंचायती जमीन पर कब्जा होने को लेकर शिकायत दी थी जिस पर कार्रवाई करते हुए कानून को पैमाइश करने के आदेश दिए। प्रशासन द्वारा जमीन की पैमाइश करने के समय पुलिस सुरक्षा की मांग की गई। पुलिस सुरक्षा उपलब्ध होने के बाद गांव के गणमान्य व्यक्तियों के साथ पटवारी ने जमीन की पैमाइश की। ग्रामीणों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि जमीन की पैमाई सोने के बाद बहुत सी पंचायती जमीन अवैध कब्जे से मुक्त हो जाएगी। गांव के कुछ लोगों ने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। पटवारी नवीन व गिरदावर राजेश ने पुलिस सुरक्षा के बीच पंचायती जमीन की पैमाइश की। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा और सुरक्षा की दृष्टि से काफी संख्या में पुलिस मौजूद रही।





गन्नौर। गांव में जमीन की पैमाइश करते हुए व मौके पर भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल। *फोटो : हरिभूमि*



सोनीपत। मौके पर निरीक्षण करते हुए मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

# सुंदर सांवरी में पार्क के रूप में विकसित होगा तालाब : मेयर

- राजीव जैन ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश, कोने में बनाया जाएगा छोटा तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने कहा कि सुंदर सांवरी में तालाब को पार्क के रूप में विकसित किया जायेगा और सुंदर सांवरी की पहचान के रूप में पार्क के कोने में छोटा तालाब भी बनाया जायेगा।

मेयर राजीव जैन ने वीरवार को दौरा करने के बाद अधिकारीयों को निर्देश दिए। राजीव जैन ने 68 लाख रूपये की लागत से बनाये जा रहे तालाब की खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया और कहा कि लम्बे चौड़े बनाये जा रहे तालाब का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तालाब के पास पगडंडी और पार्क विकसित कर दिया जाये तथा पार्क की चार दीवारी एवं शौचालय का भी पुनर्निर्माण करवाया जाए। कार्यकारी अभियंता विनय गोयल तथा उपमंडल अभियंता देवेंद्र खासा ने बताया कि सुंदर सांवरी में पहले तीन सामुदायिक भवन, पानी के वाटर वर्क्स का निर्माण हो चुका है और अब तालाब एवं पार्क का निर्माण होने से क्षेत्र की कायापलट हो जाएगी। राजीव जैन ने सेक्टर 15 मार्किट में भी पंहुचकर दुकानों के सामने जलभराव की समस्या एवं पार्किंग के निर्माण बारे भी शिकायत सुनने के बाद ठेकेदार को बुलाकर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए डाली जाने वाली लाइन पार्किंग स्थल के बीच से डालने की बजाये पार्किंग स्थल के बाहर डालने के निर्देश दिए। दुकानदारों का कहना था कि पार्किंग के बीच मैन होल आये दिन टूटे पड़े रहेंगे। समस्या ज्यादा गंभीर हो जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## प्रधान चिकित्सा अधिकारी का चार्ज भी होगा डॉ. ज्योत्सना के पास

# जिले को मिला 4 माह बाद स्वास्थ्य अधिकारी

- गायनी विभाग में तैनात डॉक्टर ज्योत्सना होगी जिले की स्वास्थ्य अधिकारी, दिसंबर में हुई थी पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर विधायक निखिल मदान ने बृहस्पतिवार को विधानसभा सत्र में प्रश्न काल के दौरान जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से चिकित्सकों के रिक्त पद भरने की मांग रखी। बृहस्पतिवार शाम को ही सरकार ने डॉ. ज्योत्सना को सिविल सर्जन नियुक्त किया है। सोनीपत में साढ़े चार माह बार स्थायी सिविल सर्जन की नियुक्ति की है। उन्हें दिसंबर 2024 में ही पदोन्नत किया था। सरकार ने डॉ. ज्योत्सना को सिविल सर्जन के साथ प्रधान चिकित्सा अधिकारी का भी चार्ज दिया है। इससे पहले सिविल सर्जन डॉ. जयकिशोर 31 अक्तूबर 2024 को सेवानिवृत्त हुए थे। उसके बाद से पानीपत के सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा को यहां का अतिरिक्त चार्ज मिला हुआ था। डॉ. ज्योत्सना शुक्रवार को पदभार संभालेंगी। विधानसभा सत्र के दौरान विधायक निखिल मदान ने कहा कि लाखों लोग इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल पर आश्रित हैं, लेकिन अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं की कमी है। तीन साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन बंद है। इसके कारण गर्भवती महिलाओं और जरूरतमंद लोगों कोपैसे देकर निजी सेंटरों पर जाकर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है। अस्पताल में जनरल सर्जन न होने के कारण मरीजों को खानपुर मेडिकल कॉलेज या रोहतक पीजीआई रेफर किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सदन में जवाब दिया कि अस्पताल में अगले सप्ताह तक सिविल सर्जन व जनरल सर्जन की नियुक्ति हो जाएगी। जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाएगी। एमआरआई और कैथ लैब खोलने के कार्य को भी जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए री टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शाम को ही सरकार ने सिविल सर्जन की नियुक्ति को लेकर सूची जारी कर दी। तीन माह पहले पदोन्नत हुई डॉ. ज्योत्सना को सिविल सर्जन व प्रधान चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया है।

### अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा दी जाए

विधायक निखिल मदान ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सामान्य अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा दी जाए ताकि लोग सस्ते दरों पर सभी प्रकार के हृदय रोग संबंधी और अन्य जांच करवा सके। खाली पड़े चिकित्सकों के सभी पदों को जल्द भरा जाए। जिससे मरीजों को बेहतर इलाज समय पर मिल सके। उन्होंने ईएनटी व हड्डी रोग विशेषज्ञ की संख्या बढ़ाने की मांग की। साथ ही जांच के लिए जरूरी मशीनें उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

HONEY MODERN SCHOOL
URGENT REQUIREMENTS
• PRT :- All Subjects
• TGT :- Science & Maths
(Only Female)
Kindly give Resume by Hand
and call on: 7882741234
WALK-IN-INTERVIEW in all Working Days
Timings : 10:00 am to 1:00 pm
G-mail: honeymodernhighschool@gmail.com
Address: GT ROAD, BAHALGARH